Need to protect the cows died due to eating of Plastic/polythene bags.

डा. संजय पासवान (नवादा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान लखनऊ और यू.पी. की घटना की ओर दिलाना चाहता हूं । पिछले छ : महीने में लगभग तीन लाख गाय मर गईं।

इसलिए मर गए, क्योंकि उन्होंने पोलीथीन खा लिया था। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि उन गांयों में जिन्होंने पोलोथीन खा लिया या प्लास्टिक बैग खा लिया है और उसे खाकर गाय मर गई। इससे गोवंश का नाश हो रहा है।...(व्यवधान) मैं चाहता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान दे और गोवंश की हत्या को रोकने का कारगर कदम उठाए।...(व्यवधान)